भारतीय विद्यालय अल वादी अल कबीर -2024-25

कक्षा-10	विभाग: हिंदी	Date – 12.09.24
STUDY MATERIAL-4	व्याकरण -वर्णनात्मक प्रश्नोत्तर	Note: Pl. file in portfolio

नाम: _____अनुभाग: _____अनुक्रमांक: _____दिनांक: _____

1.पदबंध किसे कहते हैं ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

जब एक से अधिक पद मिलकर एक व्याकरणिक इकाई का काम करते हैं, तब उस बँधी हुई इकाई को 'पदबंध' कहते हैं । जैसे-

<u>सामने के मकान में रहने वाला लड़का</u> आज चला गया ।

2.किसी वाक्य में विशेषण पदबंध की पहचान कैसे की जाती है ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए-

जो पदबंध संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताता हैं, उसे विशेषण पदबंध कहते हैं । जैसे :- **<u>सस्ता खरीदा हुआ</u>** कपड़ा अधिक दिन नहीं चलता । इस वाक्य में 'सस्ता खरीदा हुआ'- 'कपड़े' की विशेषता बताता है, इसलिए यह विशेषण पदबंध है ।

3.संयुक्त वाक्य की पहचान कैसे की जाती है ?

जिस वाक्य में दो या दो से अधिक स्वतंत्र या मुख्य उपवाक्य समानाधिकरण योजक से जुड़े हों, वह संयुक्त वाक्य कहलाता है। जैसे- (मोहन को बुखार था)) **इसलिए** (वह स्कूल नहीं गया ।)

4.सरल वाक्य की परिभाषा बताइए-

स्वतंत्र रूप से प्रयुक्त होने वाला उपवाक्य ही सरल वाक्य कहलाता है। सरल वाक्य में एक उद्देश्य(Subject) और एक विधेय(Predicate) होता है ।

जैसे- सुबह होने पर पक्षी चहचहाने लगे।

5.प्रधान उपवाक्य और आश्रित उपवाक्य की पहचान कैसे होती है ?

प्रधान उपवाक्य वह होता है जिसकी क्रिया मुख्य होती है।

आश्रित उपवाक्य दूसरे उपवाक्य पर आश्रित होता है। आश्रित उपवाक्यों का आरम्भ प्राय: 'कि ', 'जो', 'जिसे','यदि' 'क्योंकि', आदि से होता है। आश्रित उपवाक्य आरंभ, मध्य या अंत में भी आ सकते हैं।

6.सामासिक शब्द अन्य शब्दों से किस प्रकार भिन्न है ?

सामासिक शब्द दो या दो से अधिक शब्दों के मेल से बने नए शब्द होते हैं ।

जैसे -गंगा का जल - गंगाजल

7.कौन-से समास में दोनों पद गौण होते हैं ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए-
बहुव्रीहि समास में पूर्व पद और उत्तर पद दोनों गौण होते हैं और तीसरा बाहरी पद प्रधान होता है । जैसे - 'एकदंत' अर्थात एक दाँत वाला है जो - गणेश । यहाँ 'एक' और 'दंत' में से कोई पद प्रधान नहीं है ; बल्कि ये दोनों पद मिलकर तीसरे पद 'गणेश' के लिए प्रयुक्त हो रहे हैं ।

8.'मुहावरा'-किसे कहते हैं ?
ऐसा वाक्यांश जो सामान्य से भिन्न किसी विलक्षण अर्थ को स्पष्ट करें और सामान्य अर्थ से भिन्न किसी और अर्थ में रूढ़ हो जाए, उसे मुहावरा कहते हैं ।

9.क्या मुहावरों का रूप बदला जा सकता है? अपना तर्क दीजिए-
मुहावरों का रूप बदला नहीं जा सकता है अर्थात् इनमें प्रयुक्त शब्दों को उसी रूप में स्वीकार करना होता है - जैसे 'अंग टूटना' को 'शरीर टूटना' के रूप में प्रयुक्त नहीं किया जा सकता ।

10.क्या मुहावरे शिक्षित लोगों की ही धरोहर है ? स्पष्ट कीजिए ।
मुहावरे शिक्षित लोगों की ही धरोहर नहीं है, इसका प्रयोग अशिक्षित तथा अनपढ़ लोगों ने भी किया है । इनका प्रयोग उस समय से होने लगा, जिस समय मनुष्य ने अपने भावों को अभिव्यक्त करने का प्रयास किया था ।